>

Title: Need to link Jamshedpur-Badam Pahar and Rupsa-Bangariposi broad-gauge railway lines to Keonjhar district, Orissa.

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): चक्रधरपुर रेलवे मंडल अंतर्गत जमशेदपुर से बादाम पहाड रेलवे प्रखंड एवं रुपसा से बंगारी पोसी रेलवे प्रखंड ब्राड गैज रेलवे लाइन घाटे में चल रही है रेलवे बोर्ड ने इस रेलवे लाइन को लाभदायक बनाने के लिए इसे वाणिज्यिक रूप से प्रयोग करने हेतु कोई प्रयास नहीं किये हैं जबकि इन दोनों लाइनों के एक हिस्से से अगर क्योंझार जिले को जोड़ दिया जाये तो इसको लाभदायक बनाया जा सकता है क्योंकि ऐसा होने पर इसको निर्माणाधीन धमरा पोर्ट्स से हल्दिया पोर्ट्स एवं कोलकत्ता से जोड़ा जा सकता है। क्योंझार से दोनों लाइनों को मिला देने से माल ढोने की दूरी कम हो जायेगी और इन दोनों ब्राड गैज लाइनों का उपयोग अच्छे ढंग से हो पायेगा जो वर्तमान समय में नहीं हो पा रहा है। दोनों लाइनों पर अरबों रुपया लगा हुआ है उसका राजस्व भी मिलना शुरू हो जायेगा।

उक्त प्रस्ताव पर गहराई से विचार किया जाये और रेलवे राजस्व की बढ़ोत्तरी के लिए इस प्रस्ताव की जाँच करवाई जाये एवं उपरोक्त रेलवे लाइन को जोड़ा जाये।